वार्षिक रिपोर्ट
Annual Report
2013-14

भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण

ए–13, सैक्टर-1, नौएडा - 201 301, जिला- गौतमबुद्धनगर (उ० प्र०)

INLAND WATERWAYS AUTHORITY OF INDIA

A-13, Sector-1, NOIDA-201 301, Distt. Gautam Budh Nagar (U.P.)

वार्षिक रिपोर्ट
2013 - 14

भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण
पोत परिवहन मंत्रालय
मुख्यालय : ए–13, सैक्टर–1, नौएडा–201 301 जिला– गौतमबुद्धनगर (उ0 प्र0)
दूरभाष सं0 : 0120–2544036, 2543972 ; फैक्स सं0 0120–2543973, 2521764
ई–मेल : iwainoi@nic.in,वेबसाइट :www.iwai.nic.in

प्राधिकरण के सदस्य (2013–14 के दौरान)

		दूरभाष सं.	फैक्स सं.
अध्यक्ष	**डॉ. विश्वपति त्रिवेदी, भा. प्र. से.** (30.06.2013 तक)	0120–2543972	0120–2543973
	श्री अमिताभ वर्मा, भा. प्र. से. (04.09.2013 से अब तक)		
सदस्य	**डा. श्रीमती टी. कुमार, भा. प्र. से.** अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, पोत परिवहन मंत्रालय	011–23710140	011–23715195
सदस्य	**सुश्री जयश्री मुखर्जी, भा. प्र. से.** उपाध्यक्ष	0120–25440090	120–2544009
सदस्य	**श्री आर. पी. एस. कहलन, भा. प्र. से.** अध्यक्ष, कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट कोलकाता	033–22205370	033–22208226
सदस्य	**श्री सी. बी. सिंह** सलाहकार पोत परिवहन मंत्रालय	011–2376619	011–23350648
सदस्य	**श्री दीपक दास, आई.सी.ए.एस.** सदस्य (वित्त), भा. अ. ज. प्रा.	0120–2544004	0120–2543976
	श्री प्रवीर पाण्डेय, भा.ले.प. एवं ले.से. सदस्य (वित्त), भा. अ. ज. प्रा. (11.03.2014 से अब तक)	0120–2544004	0120–2543976
सदस्य	**श्री आर. पी. खरे,** सदस्य (तकनीकी), भा. अ. ज. प्रा. (18.09.2013 से अब तक)	0120–2521664	0120–2544041

अन्य विवरण

		दूरभाष सं.
सचिव	**श्रीमती त. साई अमूथा देवी, भा.डा.एवं तार, वि. एवं ले.से.**	0120–2544036
अंकेक्षक	भारत के लेखा नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक	011–23235793
बैंकर्स	सिंडीकेट बैंक परिवहन भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली–110001	011–23717573
	सिंडीकेट बैंक सैक्टर–18, नौएडा–201301	0120–2514381
	केनरा बैंक सैक्टर–1, नौएडा–201301	0120–2529163
	यूनियन बैंक ऑफ इंडिया सैक्टर–2, नौएडा–201 301	0120–2511426

क्षेत्रीय कार्यालय

	दूरभाष सं.	फैक्स सं.
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण गायघाट टर्मिनल –सह कार्यालय, गुलजारबाग, पटना–800007 (बिहार)	0612–2630112 0612–2630005 0612–2630114	0612–2630100
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण पी–78, गार्डन रीच रोड, कोलकाता– 700043(पश्चिम बंगाल)	033–24390393 033–24395577 033–24396055	033–24395570 033–24391710
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण पांडु पोर्ट काम्प्लैक्स, पांडु, गुवाहाटी– 781012 (असम)	0361–2570109 0361–2676925 0361–2676927 0361–2676929	0361–2570099 0361–2570055
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण राश्ट्रीय जलमार्ग रोड, एन0 एच0 47 बाइपास, कन्नाडिकाडू मरदू, एर्नाकुलम – 682304 (केरल)	0484–2295064 0484–2389804	0484–2389445

उप–कार्यालय / ईकाईयाँ

	दूरभाष सं.	फैक्स सं.
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण 360 / एफ / 44, नवाब यूसुफ रोड, सिविल लाइन्स, इलाहाबाद– 211 006 (उ0 प्र0)	0532–2561151 0532–2560537	0532–2561152
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण 52, द्वितीय तल, पटेल नगर, नदेसर, वाराणसी – 221 002 (उ0 प्र0)	0542–2505329	0542–2505329
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण नवीन गांगुली रोड, दुर्गा स्थान (मंदिर घाट), भागलपुर –821 001 (बिहार)	0641–2400651	0641–2400651
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण ऑफिस बिल्डिंग संख्या–1, एफबीपी ऑफिस काम्प्लैक्स, पी0 ओ0– फरक्का बैरेज, जिला–मुर्शिदाबाद–742 212 (पश्चिम बंगाल)	03485–255809	03485–255809
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण फकीरतला, पी0 ओ0–महेशगंज, स्वरूपगंज, नौएडा–741 315 (पश्चिम बंगाल)	09830508079	
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण दुर्गाबाड़ी रोड टिनियाली, ए. टी. रोड, नालियापूल, डिब्रूगढ़ – 786 001	0373–2302540	
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण धुब्री टर्मिनल, फ्री इंडिया घाट, धुब्री–786 005	03662–298111	
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण आई.डब्लू.टी. टर्मिनल सह ऑफिस कॉम्प्लेक्स आश्रमम, नियर ईएसआई हॉस्पीटल, कोल्लम–691 002	0474–2766460	
भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण एफ–14, आईएमयू कैम्पस, ईस्ट कोस्ट रोड, उथंडी चेन्नई–600119 (तमिलनाडु)	08056079757	

1. अन्तर्देशीय जल परिवहन क्षेत्र (अ0 ज0 प0)–सामान्यसूचना

नदियाँ हमेशा सभ्यता के विकास, संस्कृति के आत्मसात्करण, व्यापार के विकास, कृषि के विस्तार और जीवनशैली के सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। मानव के इतिहास में नौचालन हेतु नदियों को अनुकूल बनाने से आमूलचूल परिवर्तन हुआ है। भारत में सभी प्रमुख नदियों होकर परिवहन के साक्ष्य आद्य रूप में प्राप्त हुए हैं। उन्नत सामुद्रिक उद्योग के साक्ष्य भी भारत की नदियों के किनारे प्राप्त हुए हैं।

अनेक अन्य देशों के समान भारत में भी नदी परिवहन परिवहन का एक पारंपरिक साधन रहा है। इस साधन का उपयोग अंग्रेजों द्वारा, मुगलों द्वारा और प्राचीन काल में भी हुआ है। किंतु, आधुनिकीकरण के लिए हमारे उत्साह और आधुनिक काल के प्रगतिपरक दृष्टिकोण के कारण लोगों ने यह देखना प्रारंभ कर दिया कि रेलवे और हवाईअड्डा तथा सड़कों की प्रणाली इससे कितना अच्छा है, क्योंकि इन साधनों में जलमार्ग की तुलना में गति को ज्यादा प्रमुखता दी गई, जिसके कारण इन क्षेत्रों पर ज्यादा ध्यान देकर उनका विकास तीव्र कर दिया गया। किंतु उससे भी अन्तर्देशीय जलपरिवहन क्षेत्र उपेक्षित हो गया। जहां आजादी के समय से रेलवे का लगातार विकास हुआ वहीं जलमार्गों के लिए भा.अ.ज.प्रा. की स्थापना काफी समय बाद हुआ। वर्ष 1986 और 1986 से 2010 के बीच अन्तर्देशीय जलपरिवहन के विकास करने के लिए 1100 करोड़ रुपए की छोटी रकम का कुल निवेश हुआ। 11वीं पंचवर्षीय योजना के दौरान ही केवल इस पर काफी ध्यान दिया गया था।

पानी के मुहाने पर स्थित विभिन्न स्थानों के बीच वृहत आकार के कार्गो की लम्बी दूरी तक ढुलाई करने के लिए सबसे सस्ता परिवहन साधन होने के अन्तर्निहित गुण के कारण अ0 ज0 प0 को पूरे विश्व में पहचान मिली। शक्ति दक्षता, कम प्रदूषण और रोजगार सृजन की सम्भाव्यता को सार्वभौमिक रूप से अन्तर्देशीय जल परिवहन के मुख्य फायदे के रूप में स्वीकार किए जाते हैं। भारत के पास नदियों, अप्रवाही जल, संकरी खाड़ी और कैनाल की संख्या काफी है जिन्हें लागत प्रभावी और पर्यानुकूल परिवहन साधन के रूप में उपयोग में लाने की काफी सम्भाव्यता है।

रेल और सड़क नेटवर्क में वृद्धि के साथ अन्तर्देशीय जल परिवहन (अ0 ज0 प0) के उपयोग में कमी आई और आज यह गंगा और ब्रह्मपुत्र नदियों के अलावा केवल कुछ स्थानों जैसे– गोवा, असम, केरल, पश्चिम बंगाल और मुम्बई में ही केवल संगठित तरीके से प्रचलन में है।

वर्तमान में कुल अन्तर्देशीय जल परिवहन का 0.40 प्रतिशत ही अ0 ज0 प0 साधन से होता है। हालांकि, वर्ष 2020 तक इसका शेयर 5 प्रतिशत (25 बीटीकेएम) तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। तद्नुसार विभिन्न परियोजनाओं/योजनाओं का कार्यान्वयन/नियोजन भा.अ.ज.प्रा. द्वारा किया जा रहा है।

2. भा.अ.ज.प्रा. की भूमिका

नौवहन और नौचालन के उद्देश्य से अन्तर्देशीय जलमार्गों के विनियमन और विकास के लिए, देखें भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण अधिनियम, 1985, भारतीय अन्तर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (भा0 अ0 ज0 प्रा0) का गठन 27 अक्तूबर, 1986 को हुआ था। भा0 अ0 ज0 प्रा0 मुख्य रूप से राश्ट्रीय जलमार्गों के विकास, अनुरक्षण और विनियमन के लिए उत्तरदायी है। यह अ0 ज0 प0 से संबंधित सभी मामलों पर पोत परिवहन मंत्रालय को परामर्श भी देता है।

भा.अ.ज.प्रा. अधिनियम, 1985 की धारा 14 के तहत भा.अ.ज.प्रा. ऐसे जलमार्गों के विकास और विनियमन के लिए अधिदिष्ट है जो राष्ट्रीय जलमार्ग के रूप में घोषित है। निम्नलिखित जलमार्गों को अब तक राष्ट्रीय जलमार्ग (रा.ज.) घोषित किया गया है :–

(i) रा.ज.–1–उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखण्ड और पश्चिम बंगाल राज्यों में गंगा–भागीरथी–हुगली नदी प्रणाली (हल्दिया से इलाहाबाद तक–1620 कि0 मी0) 1986 में घोषित।
(ii) रा.ज.–2–असम राज्य में ब्रह्मपुत्र नदी (धुब्री से सदिया तक – 891 कि0 मी0) 1988 में घोषित।
(iii) रा.ज.–3–केरल राज्य में उद्योगमण्डल और चम्पाकारा कैनाल सहित पश्चिम तट कैनाल(कोट्टापुरम से कोल्लम तक) (205 कि0 मी0) 1993 में घोषित।

(iv) रा.ज.–4–आंध्रप्रदेश, तमिल नाडु और संघशासित प्रदेश पुडुचेरी राज्यों में गोदावरी और कृष्णा नदियों सहित काकीनाडा सेपुडुचेरी कैनाल तक (1078 कि0 मी0) 2008 में घोषित।

(v) रा.ज.–5–पश्चिम बंगाल और उड़िसा राज्यों में ब्राह्मणी नदी और महानदी डेल्टा सहित पूर्व तट कैनाल (588 कि0 मी0) 2008 में घोषित।

असम राज्य में बराक नदी के लखीपुर–भंगा खण्ड (121 कि0 मी0) की घोषणा रा.ज.–6 के रूप में केन्द्र सरकार के विचाराधीन है। इसके अलावा, भा.अ.ज.प्रा. सुन्दरवन जलमार्ग के भारतीय भाग का विकास और अनुरक्षण व्यापार और पारगमन हेतु भारत–बांग्लादेश प्रोटोकॉल के अधीन कर रहा है, जिसके तहत एक देश का अन्तर्देशीय जलयान दूसरे देश के विनिर्दिष्ट मार्गों होकर चल सकता है।

रा.ज.–1, 2 और 3 को पूरी तरह कार्यकारी बनाने के लिए भा.अ.ज.प्रा. विभिन्न परियोजनाओं का कार्यान्वयन निम्नलिखित अवसंरचना मुहैया करके कर रहा है –

(क) लक्षित गहराई और चौड़ाई के साथ फेयरवे
(ख) रेल / सड़क से सम्पर्क के साथ स्थायी और फ्लोटिंग टर्मिनल
(ग) दिवस और रात्रि नौचालन की सुविधाएं तथा
(घ) चैनल विकास कार्यों के लिए ड्रेजर / जलयान

3. राष्ट्रीय जलमार्गों का विकास

नौवहन और नौचालन के लिए किसी जलमार्ग को व्यवहार्य बनाने हेतु तीन आधारभूत अवसंरचनात्मक आवश्यकताएं होती हैं। ये हैं –(प) निश्चित आकार के अन्तर्देशीय जलयानों के प्रचालन हेतु पर्याप्त गहराई और चौड़ाई के साथ नौचालन चैनल, (पप) दिवस और रात्रि नौचालन के लिए नौचालन संबंधी सहायताएं और (पपप) सड़क /रेल सम्बद्धता के साथ माल / यात्री को चढ़ाने और उतारने सहित जलयानों की बर्थिंग मुहैया करने के लिए टर्मिनलें।

राष्ट्रीय जलमार्ग सं0–1 और 2 विशिष्ट रूप से जलोढ़ नदियां हैं जिनमें मानसून और गैर मानसून महीनों के बीच गुम्फन, टेढ़े–मेढ़े चलने और पानी के स्तर में काफी उतार–चढ़ाव के गुण देखे जाते हैं। इन नदियों में कम पानी वाले मौसम में अनेक उथले क्षेत्र (शोल) बन जाते हैं जिनके कारण खासकर ऊपर वाले स्थानों में 2 मीटर की न्यूनतम उपलब्ध गहराई (एलएडी) का अनुरक्षण करना काफी कठिन हो जाता है। इन नदियों सेउथले क्षेत्रों को हटाने के लिए हरेक मानसून के बाद ड्रेजिंग और बंडालिंग जैसे अनुरक्षण सम्बंधी कार्य नौचालन सम्बंधी चैनल मुहैया करने के लिए किए जाते हैं ताकि निर्विघ्न नौचालन किया जा सके। दूसरी तरफ रा.ज.–3 ज्वारीय नदियों और कैनालों से बना है जिसके पानी के स्तर में समरूप ज्वारीय परिवर्तन होता है।

इसलिए, एक बार भारी निकर्षण करके अपेक्षित गहराई मुहैया कर देने पर इसे आवश्यकतानुसार मामूली अनुरक्षण निकर्षण द्वारा कई वर्षों तक अनुरक्षित किया जा सकता है। रा.ज.–4 और 5 नहर और नदी दोनों खण्डों से बना है। जहां कैनाल वाले भागों के लिए काफी निकर्षण और रा.ज.–4 में आवश्यक गहराई बनाए रखने के लिए लॉक की मदद से विनियमन करने की भी आवश्यकता होती है, वहीं गोदावरी और कृष्णा नदियों में वार्षिक निकर्षण करना आवश्यक होता है। इसी तरह रा.ज.–5 के नदी वाले खण्डों के निचले भागों में वार्षिक रूप से निकर्षण कराने की आवश्यकता होती है, जबकि नौचालन हेतु आवश्यक गहराई बनाए रखने के लिए ब्राह्मणी नदी के ऊपरी खण्डों में नौचालन संबंधी लॉक सहित 5 बैरेजों के उपयोग से पानी का भंडारण करना प्रस्तावित है।

4. राष्ट्रीय जलमार्ग – 1(रा.ज.–1)

रा.ज.–1 पर फेयरवे, टर्मिनल और नौचालन संबंधी सहायताओं के विकास और अनुरक्षण के लिए वर्ष 2013–14 के दौरान कराए गए महत्वपूर्ण कार्य संक्षेप में निम्न हैं :–

4.1 फेयरवे विकास :–

जलयानों के सुगम और सुरक्षित प्रचालन हेतु राष्ट्रीय जलमार्गों में लक्षित गहराई और चौड़ाई के साथ एक नौचालन संबंधी चैनल का अनुरक्षण किया जाता है। रा.ज.–1 के त्रिवेणी–चुनार खण्ड (1226 कि.मी.) में बंडालिंग और ड्रेजिंग इत्यादि जैसे नदी संरक्षण कार्यों द्वारा यह प्राप्त कर लिया गया। हल्दिया और त्रिवेणी के बीच का खण्ड (196 कि.मी.) ज्वारीय है, जिसमें 3 मीटर से अधिक न्यूनतम उपलब्ध गहराई प्राकृतिक रूप से बनी रहती है। इसलिए भा.अ.ज.प्रा. इस खण्ड में फेयरवे विकास संबंधी कोई कार्य नहीं करता है।

वित्तीय वर्ष 2013–14 के दौरान फेयरवे के अनुरक्षण हेतु त्रिवेणी–राजमहल खण्ड (399 कि.मी.) में 3900 मीटर बंडालिंग और राजमहल–चुनार खण्ड (827 कि.मी.) में 14,500 मीटर बंडालिंग किए गए।

इसके अतिरिक्त, त्रिवेणी–राजमहल खण्ड में 2.60 लाख घन मीटर और राजमहल–चुनार खण्ड में 9.40 लाख घन मीटर ड्रेजिंग भा.अ.ज.प्रा. के स्वामित्व वाले एक एम्फिबियन ड्रेजर (एडी फल्गु) और एक हाइड्रोलिक सर्फेस ड्रेजर (एचएसडी सोन) सहित श्वेता, तापी, शिप्रा, जलांगी, महानंदा, अलकनंदा, यमुना और आईडी–आईवी नामक आठ कटर सक्शन ड्रेजरों को लगाकर कराए गए।

राष्ट्रीय जलमार्ग–1 पर कराए गए निकर्षण का चित्र

इन कार्यों के कारण वर्ष 2013–14 के दौरान रा.ज.–1 के विभिन्न खण्डों में न्यूनतम उपलब्ध गहराई (एलएडी) का अनुरक्षण निम्न प्रकार है :–

(क)	हल्दिया–फरक्काखण्ड (560 कि0 मी0)	–	2.8 मी0 से 3.0 मी0
(ख)	फरक्का–बाढ़ खण्ड (400 कि0 मी0)	–	2.1 मी0 से 2.5 मी0
(ग)	बाढ़–गाजीपुर खण्ड (290 कि0 मी0)	–	1.6 मी0 से 2.0 मी0
(घ)	गाजीपुर–चुनार / इलाहाबाद (370' कि0 मी0)	–	1.2 मी0 से 2.0 मी0

*चुनार–इलाहाबाद खण्ड (198 कि. मी.) में किसी प्रकार का नदी संरक्षण संबंधी कार्य नहीं किया गया।

मेसर्स जिंदल आईटीएफ लि0 द्वारा राष्ट्रीय जलमार्ग–1 पर हल्दिया / सैंडहेड्स से फरक्का तक 3 एमएमटीपीए आयातित कोयले की ढुलाई करने के लिए बनाई गई परियोजना के तहत 2000 टी क्षमता वाले 20 बार्जों से ढुलाई नवंबर, 2013 से प्रारंभ हो गई और पहली बार 2 लाख टन (लगभग) कोयला इस परियोजना के तहत मार्च, 2014 तक एनटीपीसी फरक्का पहुंचा।

वर्ष 2013–14 के दौरान रा.ज.–1 पर मेसर्स टाटा केमिकल्स और मेसर्स इफको द्वारा क्रमशः हल्दिया से फतुहा (पटना) तक और फतुहा (पटना) से कोलकाता तक उर्वरक की ढुलाई जांच के तौर पर की गई।

राष्ट्रीय जलमार्ग–1 पर टाटा केमिकल्स फर्टिलाइजर कीढुलाई



राष्ट्रीय जलमार्ग–1 के जीआर जेट्टी पर इफको उर्वरक उतरते हुए

इसके अलावा राष्ट्रीय जलमार्ग–1 पर वृहत आकार के कार्गो की ढुलाई कई बार की गई। अक्तूबर, 2013 के दौरान एनटीपीसी (343 एमटी) और जेपी ग्रुप्स (601 एमटी) के ओडीसी माल की ढुलाई मेसर्स ईस्टर्न नेविगेशन प्रा. लि. द्वारा इलाहाबाद तक हुई।

राष्ट्रीय जलमार्ग–1 गंगा पर ओडीसी ढुलाई

आगे, मेसर्स हेरिटेज रिवर क्रूज प्रा. लि. का आरवी बंगाल गंगा नामक अन्तर्देशीय पर्यटक जलयान और मेसर्स असम बंगाल नेविगेशन कं. प्रा. लि. का एबीएन सुखपा ने राष्ट्रीय जलमार्ग–1 पर वर्ष 2013–14 के दौरान कोलकाता–सिमरिया–कोलकाता और कोलकाता–पटना–कोलकाता के बीच सफलतापूर्वक यात्रा संपन्न किए।

पटना टर्मिनल पर पर्यटक जलयान एमवी सुखपा की बर्थिंग

रा.ज.–1 गंगा पर पर्यटक आरवी बंगाल का चित्र

इसके अलावा, इलाहाबाद–गाजीपुर खण्ड में 3.0 मीटर एलएडी मुहैया करने के लिए तकनीकी सम्भाव्यता अध्ययन मेसर्स डीएचआई (इंडिया) वाटर एण्ड इन्वायरमेंट प्रा. लि. द्वारा पूरा किया गया और इससे आगे का विस्तार गाजीपुर से बक्सर तक करने के लिए प्रक्रिया चल रही है। इस अध्ययन से भा.अ.ज.प्रा. ने विश्व बैंक से करीब 700 मिलियन यूएस डॉलर (करीब 4200 करोड़ रुपए) की सहायता प्राप्त करने के लिए एक परियोजना पोत परिवहन मंत्रालय और आर्थिक–कार्य विभाग को पेश की गई है। इस दिशा में कई कदम उठाए गए।

इससे देश के इस सर्वाधिक महत्वपूर्ण जलमार्ग पर अ0 ज0 प0 के पुनर्जीवित होने के लिए दूसरी परियोजना का विकास हो सकता है।

4.2 टर्मिनलें–

पटना (बिहार) में निम्न तल और उच्च तल जेट्टियों का प्रचालन क्रमशः 2008 और 2012 से हो रहा है। ये जेट्टी कार्गो के यांत्रिक हैंडलिंग करने में सक्षम है।

आगे, जीआर जेट्टी, कोलकाता में स्थायी टर्मिनल का निर्माण कार्य पूरा हो गया है जो नवंबर, 2013 से प्रचालन में है। माननीय पोत परिवहन मंत्री ने इस परियोजना का उद्घाटन औपचारिक रूप से कोलकाता में दिनांक 25.11.2013 को किया था।

इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय जलमार्ग–1 पर फरक्का और पाकुड़ में स्थायी जेट्टियां पहले से ही विद्यमान हैं जिनका उपयोग ट्रांसपोर्टर द्वारा किया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त, हल्दिया और इलाहाबाद के बीच 20 फ्लोटिंग टर्मिनल भी विद्यमान हैं, जिनका अनुरक्षण किया जा रहा है। ये हैं –

(क) पश्चिम बंगाल में हल्दिया–1 और 2, बीआईएसएन (कोलकाता), बोटेनिकल गार्डेन (कोलकाता), शांतिपुर, स्वरूपगंज, कटवा, हजारद्वारी, डी/एस फरक्का और यू/एस फरक्का,

(ख) बिहार/झारखण्ड में राजमहल, साहिबगंज, बटेश्वरस्थान, भागलपुर, मुंगेर, सिमरिया और बक्सर,

(ग) उत्तरप्रदेश में गाजीपुर, वाराणसी और इलाहाबाद

इन टर्मिनलों का उपयोग लॉजिस्टिक सहायता और जलयान पर मालों को चढ़ाने/उतारने की सुविधा उपयोगकर्ताओं को देने के लिए किया जा रहा है।



बीआईएसएन, कोलकाता फ्लोटिंग टर्मिनल पर विभिन्न जलयानों की बर्थिंग

इन फ्लोटिंग टर्मिनलों को ट्रांसपोर्टरों / शिपर की मांग पर एक स्थान से दूसरे स्थान पर शिफ्ट किया जा सकता है।

4.3 नौचालन संबंधी सहायताएं–

त्रिवेणी और इलाहाबाद के बीच वर्ष भर दिवस नौचालन हेतु चैनल चिन्ह लगाए और अनुरक्षित किए गए। इसके अतिरिक्त, त्रिवेणी और बलिया / वाराणसी के बीच (944 / 1187 कि.मी.) प्रकाशमान देशी नौका / बांस के उपकरण, एम.एस. पोल और बीकन टावर की मदद से रात्रि नौचालन सुविधाएं भी मुहैया और अनुरक्षित की जाती हैं। कम पानी के मौसम के दौरान पाक्षिक रूप से और बाढ़ के समय में मासिक आधार पर तलस्पर्शी सर्वेक्षण करवा कर नदी संबंधी सूचनाएं नियमित रूप से प्रकाशित की जाती हैं। इसके अलावा उपयोगकर्ताओं को आवश्यकतानुसार पायलटेज की सुविधा भी दी जाती है।



बीकन टावर पर नौचालन सहायताएं | एमएसपोल पर प्रकाशमान नौचालन सहायता | नौचालन सहायता दिवस आरएच मार्क | देशी नौका पर प्रकाशमान नौचालन सहायता

जलमार्ग पर इन सुविधाओं को देकर और 24 घंटे नौचालन संबंधी सहायताएं मुहैया करके डीजीपीएस स्टेशन भागलपुर, पटना और स्वरूपगंज में चालू किए गए हैं। वाराणसी में डीजीपीएस स्टेशन का स्थापन शीघ्र होने वाला है।

राष्ट्रीय जलमार्ग–1 (जिस पर मेसर्स जिंदल आईटीएफ लि0 के कोयला बार्ज की नियमित ढुलाई होती है) के हल्दिया–फरक्का खण्ड में विश्व स्तरीय नदी सूचना प्रणाली (आरआईएस) मुहैया करने के लिए एक महत्वपूर्ण परियोजना का कार्यान्वयन प्रक्रियाधीन है। इस प्रणाली में सात मुख्य स्टेशन होने के साथ–साथ जलयान को तट तक पहुंचाने की सुविधा, जलयान से जलयान और जलयान से तट तक संचार व्यवस्था, आंकड़ा का स्थानांतरण और वास्तविक समय के आधार पर चैनल सूचना संबंधी सुविधाएं होंगी।

5. राष्ट्रीय जलमार्ग–2

सदिया से धुब्री के निकट बांग्लादेश बॉर्डर तक ब्रह्मपुत्र नदी–रा.ज.–2 (891 कि.मी.), उत्तर–पूर्व क्षेत्र (एनईआर) में सर्वाधिक महत्वपूर्ण अन्तर्देशीय जलमार्ग है। इस ताकतवर नदी में अनेक नदियां मिलकर इसे मछली के हड्डी की संरचना दी है। फीडर मार्ग के रूप में विकसित होने की संभावना रखने वाले उत्तर–पूर्व क्षेत्र में ब्रह्मपुत्र और बराक नदी के करीब 1687 कि.मी. खण्ड को अभिज्ञात किया गया है। रा.ज.–2 भारत–बांग्लादेश प्रोटोकॉल मार्ग (1700 कि.मी.) के माध्यम से उत्तर–पूर्व क्षेत्र में वैकल्पिक सम्बद्धता मुहैया करता है। भा.अ.ज.प्रा. के चार्टर के अनुसार रा.ज.–2 पर फेयरवे, टर्मिनल और नौचालन संबंधी सहायताओं का विकास और अनुरक्षण वर्ष के दौरान किया गया था, जिसका विवरण संक्षेप में नीचे है :–

5.1 फेयरवे विकास

पांडु–धुब्री खण्ड में वर्ष भर 2.5 मीटर न्यूनतम उपलब्ध गहराई (एलएडी) के साथ 45 मीटर की न्यूनतम चौड़ाई का नाव्य फेयरवे अनुरक्षित किया गया।

क्र.सं.	खण्ड	अनुरक्षित एलएडी	अवधि (वि.व. 2013–14)
1.	पांडु–नीमाति	2.5 मीटर	लगभग 260 दिनों और
		2.2 मीटर	शेष अवधि के लिए (105 दिन)
2.	नीमाति–डिब्रूगढ़	2.0 मीटर	300 दिनों के लिए और
		1.3 मीटर से 1.8 मीटर तक परिवर्तनीय	शेष अवधि के लिए
3.	डिब्रूगढ़–सदिया (ओरियमघाट)	1.5 मीटर	245 दिनों के लिए और
		1.0 मीटर से 1.4 मीटर तक परिवर्तनीय	शेष अवधि के लिए

इस न्यूनतम उपलब्ध गहराई को अनुरक्षित करने के लिए 36 स्थानों पर 18,600 मीटर बंडल खड़े और अनुरक्षित किए गए। इसके अतिरिक्त, सीएसडी तिजु, सीएसडी मंडोवी और सीएसडी ब्राह्मणी नामक तीन सीएसडी का उपयोग करके बीस स्थानों पर 2.5 लाख घन मी. निकर्षण कार्य किया गया। सीएसडी ब्राह्मणी को नवंबर, 2013 के दौरान चालू किया गया था। फेयरवे में गहराई बढ़ाने के लिए ड्रेजिंग संबंधी कार्य हेतु एचएसडी धनश्री और एचएसडी जिआ भोराली नामक दो एचएसडी भी तैनात किए गए थे।

5.2 टर्मिनलें

पांडु में चरणबद्ध ढंग से टर्मिनल के विकास के लिए एक मास्टर प्लान तैयार किया गया था। पांडु में वर्ष 2009 से एक निम्न तल जेट्टी पहले से ही प्रचालन में है। वर्ष भर टर्मिनल को चालू रखने के लिए 43.85 करोड़ रुपए की लागत पर एक उच्च तल जेट्टी का निर्माण भी किया गया है। जेट्टी के निर्माण के दौरान उठाए गए अनेक जटिल तकनीकी मामलों के निवारण के पश्चात इसे मार्च, 2014 में चालू किया गया था।

यांत्रिक हैंडलिंग उपकरणयुक्त पांडु पत्तन पर आरसीसी निम्न तल जेट्टी

पांडु पत्तन से कामख्या रेलवे स्टेशन (गुवाहाटी) को जोड़ने वाली बड़ी लाईन के रेलवे साइडिंग का निर्माण 12.97 करोड़ रुपए की लागत पर एन.एफ. रेलवे के माध्यम से किया गया है। जांच के तौर पर इंजन को चलाने का काम पूरा हो गया है। एन.एफ. रेलवे द्वारा गजट अधिसूचना प्रकाशित किया गया है और बीजी साइडिंग प्रचालन के लिए तैयार है।

पांडु टर्मिनल पर अन्य विकासात्मक कार्य भी सीपीडब्ल्यूडी के माध्यम से कार्यान्वित की गई। इनमें 4.64 करोड़ रुपए की कुल लागत पर तट रक्षण, आंतरिक सड़क प्रणाली के निर्माण/मरम्मत, ड्रेनेज कार्य, हार्ड स्टैंड इत्यादि शामिल हैं। पांडु में भा.अ.ज.प्रा. के क्षेत्रीय कार्यालय, गुवाहाटी के कार्यालय सह नदी सूचना प्रणाली भवन का निर्माण कार्य भी 4.61 करोड़ रुपए की लागत पर लगभग पूरे होने वाले हैं। कार्यालय के जुलाई, 2014 में नए भवन में स्थानांतरित होने की संभावना है। भारी यातायात की आवाजाही हेतु 12.32 करोड़ रुपए की लागत पर एन.एच.–31 को जोड़ने वाली, पांडु टर्मिनल होकर एन.एफ. रेलवे भूमि पर एक वैकल्पिक मार्ग के निर्माण के प्रस्ताव को मार्च, 2012 के दौरान मंजूर किया गया था और काम असम पीडब्ल्यूडी (एन.एच. खण्ड) को दिया गया था। हालांकि, कार्य शुरू नहीं किया जा सका, क्योकि भूमि पर किये गए अनधिकृत अतिकमण को भा.आ.ज.प्रा. द्वारा उच्च स्तर पर उठाने के बावजूद एनएफ रेलवे और राज्य सरकार द्वारा हटाया नहीं गया। इसे ध्यान में रखते हुए 22.10.2013 कोआयोजित भा.अ.ज.प्रा. बोर्ड की 148वीं बैठक में इस परियोजना को बंद करने का निर्णय लिया गया। भा.अ.ज.प्रा. द्वारा एन.एफ. रेलवे और असम सरकार के पास जमा किए गए क्रमशः 3.45 करोंड़ रुपए और 6.11 करोड़ रुपए की रकम को वापस करने का अनुरोध किया गया है।

दो आरओ–आरओ टर्मिनलों की स्थापना एक धुब्री में और दूसरा हथसिंगीमारी (धुब्री में ब्रह्मपुत्र नदी के दूसरे तट पर) में क्रमशः 28.98 करोड़ रुपए और 33.31 करोड़ रुपए की लागत पर करने सम्बंधी परियोजनाओं को अगस्त, 2012 और नवंबर, 2012 के दौरान संस्वीकृति दी गई थी। धुब्री में टर्मिनल के निर्माण के लिए कार्य जनवरी, 2013 के दौरान सीपीडब्ल्यूडी को दिया गया है। यह जोगीघोपा होकर परिपथ मार्ग (220 कि.मी.) से हटकर धुब्री से मेघालय तक (29 कि.मी.) अ.ज.प. को सीधा सम्पर्क मुहैया करता है।

एल–1 बीडर द्वारा दी गई लागत के आधार पर सीपीडब्ल्यूडी ने धुब्री टर्मिनल के अनुमानित लागत को संशोधित करके 46.69 करोड़ रुपए कर दिया है। संशोधित लागत को संस्वीकृति भा.अ.ज.प्रा. द्वारा 12.03. 2014 को दी गई थी। सीपीडब्ल्यूडी ने काम एल–1 बीडर (मेसर्स त्रिवेणी कंस्ट्रक्शन) को दिया है और फर्म ने काम चालू करने के लिए लोगों को निर्माण सामग्री के साथ लगा दिया है। यह परियोजना अप्रैल, 2016 तक पूरी होगी। हालांकि, हथसिंगीमारी में टर्मिनल के निर्माण के लिए विनिर्दिष्ट लगभग संपूर्ण भूमि ब्रह्मपुत्र नदी में बह गई है और वर्तमान परिस्थिति में स्थायी संरचना का निर्माण करना संभव नहीं है। उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए भा.अ.ज.प्रा. ने नदी तट के स्थिर होने तक हथसिंगीमारी में अस्थायी आरओ–आरओ सुविधाएं विकसित करने का निर्णय लिया है। साथ–ही–साथ अ.ज.प. निदेशालय, असम सरकार से भी अपने जलयानों को आरओ–आरओ प्रचालन के अनुकूल बनाकर आरओ–आरओ सेवा प्रारंभ करने के लिए सम्पर्क किया जाएगा। इस संबंध में कार्रवाई की गई है।

धुब्री, जोगीघोपा, तेजपुर, सिलघाट, विश्वनाथघाट, नीमाति, बोगीबील, डिब्रूगढ़, सेंगाजन/पनबाड़ी और ओरियमघाट में कार्गो की ढुलाई की सुविधा देने के लिए फ्लोटिंग टर्मिनलें मुहैया और अनुरक्षित किए गए हैं। हथसिंगीमारी, धुब्री, सिलघाट, विश्वनाथघाट, नीमाति, डिब्रूगढ़ और ओरियमघाट में टर्मिनलों के निर्माण हेतु भूमि का अधिग्रहण किया गया है।

5.3 नौचालन संबंधी सहायताएं

संपूर्ण जलमार्ग में दिवस नौचालन हेतु चैनल चिन्ह लगाए और अनुरक्षित किए गए। धुब्री और सिलघाट के बीच रात्रि नौचालन सुविधाएं भी मुहैया करके अनुरक्षित की जा रही है। संपूर्ण जलमार्ग में पाक्षिक/मासिक तलस्पर्शी सर्वेक्षण करवाकर अ.ज.प. प्रचालकों को फेयरवे संबंधी सूचना देने के लिए नदी संबंधी सूचनाएं दी गई हैं। इसके अलावा संपूर्ण रा.ज.–2 में डीजीपीएस सम्बद्धता की सुविधा देने के लिए धुब्री, जोगीघोपा, सिलघाट और डिब्रूगढ़ में अत्याधुनिक डीजीपीएस स्टेशन चालू किए गए हैं।

5.4 नदी पर्यटन

काजीरंगा और ओरंग में वन्य जीव अभ्यारण्य की उपस्थिति और अन्य पर्यटन स्थानों जैसे–सुआलकुची, शिवसागर और ब्रह्मपुत्र नदी के तट पर कमालबाड़ी से रा.ज.–2 पर नदी पर्यटन हेतु काफी संख्या में लोग आकर्षित हुए हैं। रा.ज.–2 के पांडु–नीमाति खण्ड में 2.5 मीटर न्यूनतम उपलब्ध गहराई के प्रावधान से इस शक्तिशाली नदी पर नदी पर्यटन को अंतर्राष्ट्रीय ख्याति मिली है। प्रत्येक वर्ष पांडु और नीमाति के बीच विदेशी पर्यटकों को 3 पर्यटक जलयानों द्वारा लगातार यात्रा कराई जा रही है।

6. राष्ट्रीय जलमार्ग सं0– 3

कोट्टापुरम–कोल्लम (168 कि.मी.), कोची–एलूर के बीच उद्योगमंडल कैनाल (23 कि.मी.) और कोची–अंबलमुगल के बीच चंपाकारा कैनाल (14 कि.मी.) से बने पश्चिम तट कैनाल प्रणाली (205 कि.मी.) की घोषणा राष्ट्रीय जलमार्ग–3 के रूप में फरवरी, 1993 के दौरान की गई थी। रा.ज.–3 पर फेयरवे, टर्मिनल और नौचालन सम्बंधी सहायता के विकास और अनुरक्षण हेतु वर्ष 2013–14 के दौरान किए गए महत्वपूर्ण कार्य के विवरण नीचे हैं :–

6.1 फेयरवे विकास

रा.ज.–3 एक ज्वारीय जलमार्ग है, जिसके समुद्र पर चार मुहाने मुनम्बम, कोची, कायमकुलम और नीलदाकारा में हैं। रा.ज.–3 में नौचालन हेतु चौड़े खण्डों में 38 मीटर चौड़ाई के और संकीर्ण खण्डों में 32 मीटर चौड़ाई के नौचालन चैनल विकसित करने के बारे में विचार किया गया है।

चैनल को चौड़ा करने के लिए अलापुझा–कायमकुलम खण्ड में भारी निकर्षण संबंधी कार्य ठेके पर ड्रेजिंग कराकर किए जा रहे हैं। कायमकुलम–इडापल्लीकोट्टा खण्ड में 1.75 कि.मी. क्षेत्र को चौड़ा करने के लिए, जहां मत्स्य जाल की उपस्थिति के कारण एकल लेन चैनल उपलब्ध है, भा.अ.ज.प्रा. ने 32 मीटर की चौड़ाई करने के लिए चैनल में कटर सक्शन ड्रेजर लगा दिया है।

इडापल्लीकोट्टा–कोल्लम खण्ड (चावड़ा से कोल्लम तक) में निकर्षण सम्बंधी कार्य चार विभागीय ड्रेजरों (दो कटर सक्शन ड्रेजर और दो एम्फिबियन ड्रेजर) द्वारा किए जा रहे हैं। इडापल्लीकोट्टा–कोल्लम खण्ड में हार्ड स्ट्रैटा (लगभग मात्रा 18000 घन मीटर) है। हार्ड स्ट्रैटा को विशेष रूप से अधिप्राप्त किए गए दो एम्फिबियन ड्रेजरों, जिसमें हाइड्रोलिक हैमर पानी के भीतर हार्ड स्ट्रैटा को तोड़ने के लिए लगे हुए हैं, से हटाया जा रहा है। इस खण्ड में फरवरी, 2012 से काम प्रगति पर है। अलापुझा–कोल्लम खण्ड में कैनालों को चौड़ा और निकर्षण संबंधी कार्य के दिसंबर, 2014 तक पूरा होने की संभावना है, बशर्ते निकर्षण कार्य के निर्विघ्न कार्यान्वयन हेतु स्थानीय लोगों का भी लगातार सहयोग मिलता रहे।

अपरदन के विरूद्ध कैनाल के तटों की सुरक्षा सुरक्षित नौचालन की अन्य महत्वपूर्ण गतिविधि है। मार्च, 2014 तक चम्पाकरा–उद्योगमंडल कैनालों में 14.67 कि.मी. तट रक्षण किया गया है।

अलापूझा ओर कोल्हम के बीच के कैनाल खण्ड में भी, जहां विद्यमान चैनल को चौड़ा करने की आवश्यकता है, इसी तरह भारी निकर्षण द्वारा तट रक्षण मुहैया किया जाता है। मार्च, 2014 तक 4.58 कि.मी. लम्बा तट रक्षण का कार्य पूरा हो गया है।

रा.ज.–3 पर भारी निकर्षण और संकरे कैनालों को चौड़ा करने के कार्यकी प्रगति मेंअवरोध विभिन्न स्थानीय कारणों जैसे–निकर्षित सामग्री के निस्तारण, अतिरिक्त तट रक्षण की मांग, कार्यों में बारंबार रूकावट और स्थानीय लोगों द्वारा मुकदमेबाजी करने और मछुआरों के विरोध से हुए। इन मामलों के निबटान हेतु उच्च स्तर पर राज्य सरकार से लगातार विचार–विमर्श किया जा रहा है।

6.2 टर्मिनलें

टर्मिनलों की स्थापना के लिए विचार किए गए कुल 11 स्थानों में से 8 स्थानों यथा–कोट्टापुरम, अलुवा, मरदु (कोची), वैकुम, चरतला (तनेरमुखम), त्रिकुणापुझा, कायमकुलम (अरियमथेंगु) और कोल्लम पर टर्मिनलें मपहले ही निर्मित हो गए हैं। अलापुझा में 9.04 करोड़ रुपए की लागत पर एक टर्मिनल का निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिसका 80 प्रतिशत कार्य पूरा हो गया है।

शेष बचे दो स्थानों जैसे काकानाडु और चावड़ा में टर्मिनलों का निर्माण कार्गो उपलब्ध होने के उपरांत अगले चरण में प्रस्तावित है। प्रभावी उपयोग करने के लिए और निजी क्षेत्र की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए अलुवा और वैकोम में अ.ज.प. टर्मिनलों के प्रचालन और अनुरक्षण सम्बंधी कार्य केएसआईएनसी (केरल सरकार का एक उपक्रम) को दिया गया है।

आई.सी.टी.टी. वल्लारपदम से सम्बद्धता मुहैया करने के लिए दो अ.ज.प. कंटेनर टर्मिनलों में से एक का निर्माण वोलगट्टी में और आरओ–आरओ सुविधायुक्त दूसरे का निर्माण विलिंगडन आईलैण्ड में कराने के लिए कार्य भा.अ.ज.प्रा. ने कोचीन पत्तन न्यास को दिया है। इसके कारण वल्लारपदम के लिए जाने वाले ट्रक/ट्रेलर को कोची शहर के भीड़भाड़ वाले सड़कों होकर जाने की जरूरत नहीं होती है। ये टर्मिनल 23.02.2011 से प्रचालन में हैं। मार्च, 2014 में आरओ–आरओ सुविधा का उपयोग करते हुए इन टर्मिनलों के बीच 20 फीट के 64,173 और 40 फीट के 33,615 कंटेनरों से ढुलाई की गई।

7. राष्ट्रीय जलमार्ग सं0–4 और 5

नवंबर, 2008 में घोषित दो नए राष्ट्रीय जलमार्गों (रा.ज.–4 और 5) के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार हो गई है। हालांकि, उसके विकास के लिए कोई निधि आवंटित नहीं हुई है। योजना आयोग ने वायविलिटी गैप फण्डिंग के साथ पीपीपी माध्यम से जलमार्ग के वाणिज्यिक रूप से ज्यादा व्यवहार्य खण्डों को विकसित करने की संभावना की तलाश करने का सुझाव दिया है। तद्नुसार इन दोनों जलमार्गों के शेयरधारकों से विचार–विमर्श किया गया और ज्यादा वाणिज्यिक रूप से व्यवहार्य खण्डों को अभिज्ञात किया गया। आर्थिक कार्य विभाग और एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने भारत अवसंरचना विकास निधि (आई.आई.डी.एफ.) और पीपीपी पायलट प्रोजेक्ट के तहत इन परियोजनाओं के विकास के लिए एक ट्रांजेक्शन सलाहकार नियुक्त करने पर सहमत हो गया है और तद्नुसार मार्च, 2012 में मेसर्स ग्रांड थार्टन नियुक्त किए गए। हालांकि, इस अध्ययन का परिणाम उत्साहवर्द्धक नहीं रहा। अतः भा.अ.ज.प्रा./पोत परिवहन मंत्रालय द्वारा बजटीय सहायता/बाह्य स्रोतों से विकास करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

प्राथमिकता वाले खण्डों के नवीनतम् हाइड्रो–मोरफोलॉजिकल स्थिति का मूल्यांकन करने के लिए भा.अ.ज.प्रा. ने रा.ज.–4 में गोदावरी नदी, काकीनाडा कैनाल, गोदावरी एलुरू कैनाल, नार्थ बर्किंघम कैनाल और साउथ बर्किंघम कैनाल और रा.ज.–5 के थलचर–धमरा, मंगलगढ़ी–पारादीप खण्डों में विस्तृत जलीय सर्वेक्षण कराया है।

रा.ज.–4 में साउथ बर्किंघम कैनाल के शोलिंगनालूर–कलपक्कम खण्ड (37 कि.मी.) के विकास के लिए 123.4 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत पर एक परियोजना संस्वीकृत की गई है। प्रस्तावित विकासात्मक कार्यों की देखरेख और समन्वय करने हेतु भा.अ.ज.प्रा. ने आईएमयू (भारतीय सामुद्रिक विश्वविद्यालय) कैम्पस, उथांडी, चेन्नई में एक उपकार्यालय स्थापित किया है।

रा.ज.–5 के व्यवहार्य खण्डों के विकास करने के लिए शेयरधारकों के साथ एक बैठक भुवनेश्वर में की गई थी। ओडिशा की सरकार, भा.अ.ज.प्रा., पारादीप पत्तन न्यास, धमरा पोर्ट कं0 लि0, के बीच वाणिज्यिक रूप से व्यवहार्य खण्ड जैसे–तलचर से पारादीप और धमरा तक के 333 कि.मी. लम्बाई के खण्ड को दो चरणों में विकसित करने के लिए एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए गए हैं। प्रथम चरण के तहत पंकपाल/जकोडिया से पारादीप और धमरा तक के खण्ड की डीपीआर संशोधित करने के लिए एक परामर्शदाता नियुक्त किया गया है।

8. प्रस्तावित राष्ट्रीय जलमार्ग सं0–6

बराक नदी को राष्ट्रीय जलमार्ग के रूप में घोषणा करने के प्रस्ताव को कैबिनेट में मार्च, 2007 में अनुमोदन दिया गया था, किन्तु इसे 14वीं लोकसभा भंग होने से पहले इस पर विचार–विमर्श नहीं किया जा सका। तदुपरांत यह विधेयक संसद के कार्य विनियमन के अनुरूप समाप्त हो गया। कैबिनेट से दोबारा अनुमोदन मिलने के उपरांत इस विधेयक को 15वीं लोकसभा में फिर से लाया गया। बराक नदी को राष्ट्रीय जलमार्ग के रूप में घोषणा करने के नये विधयेक को राज्यसभा ने 30 अगस्त, 2013 को पारित कर दिया था। हालांकि, यह विधेयक इस बार भी 15वीं लोकसभा के समय समाप्त होने से पहले विचार–विमर्श हेतु प्रस्तुत नहीं किया जा सका। विधेयक में लागत अनुमान को अद्यतन करने की आवश्यकता है। संशोधित प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।

9. पारगमन और व्यापार पर भारत–बांग्लादेश प्रोटोकॉल

भारत और बांग्लादेश के बीच एक अन्तर्देशीय जल पारगमन और व्यापार प्रोटोकॉल है जिसके तहत दोनों देशों की सरकार वाणिज्य हेतु अपने जलमार्गों का प्रयोग पारस्परिक लाभ के लिए करने पर सहमत हो गई है। इसमें एक देश में दो स्थानों के बीच मालों की आवाजाही दूसरे देश के भू–भाग होकर उस देश के कानूनों के अनुसार दोनों देशों के बीच होगी। विद्यमानप्रोटोकॉल मार्ग हैं :–
(i)कोलकाता–पांडु–कोलकाता, (ii)कोलकाता–करीमगंज–कोलकाता, (iii)राजशाही–धुलिया–राजशाही, (iv)पांडु–करीमगंज–पांडु। अंतर देशीय व्यापार हेतु विनिर्दिष्ट पांच पोर्ट ऑफ कॉल भारत में हल्दिया, कोलकाता, पांडु, सिलघाट और करीमगंज में हैं और बांग्लादेश में नारायणगंज, खुलना, मोंगला, सिराजगंज और आशुगंज हैं। यह प्रोटोकॉल मार्च, 2015 तक वैध हैं। वर्ष 2013–14 के दौरान इस प्रोटोकॉल के तहत कोलकाता/हल्दिया और बांग्लादेश के बीच 18 लाख टन फ्लाईऐश की ढुलाई हुई।

10. एनटीपीसी के विद्युत संयंत्रों हेतु कोयले की ढुलाई

खुले प्रतिस्पर्द्धात्मक बिडिंग के बाद मेसर्स जिंदल आईटीएफ लि0 को बंगाल की खाड़ी में स्थित सैंडहेड से एनटीपीसी के फरक्का स्थित विद्युत संयंत्र तक अ.ज.प. साधन द्वारा 3 एमएमटीपीए आयातित कोयले की ढुलाई करने हेतु प्रचालक नियुक्त किया गया था। उन्होंने फरक्का में यानांतरण, बार्ज और जेट्टी तथा माल उतारने संबंधी अवसंरचना पर लगभग 600 करोड़ रुपए का निवेश किया है। सैंडहेड में यानांतरण के लिए जलयान लगा हुआ है। 19 बार्ज का निर्माण करके प्रचालन में दिया गया है। इस परिवहन परियोजना के लिए संपूर्ण अवसंरचना अक्तूबर, 2013 तक स्थापित कर दिया गया है। कोयले की ढुलाई नवंबर, 2013 के प्रथम सप्ताह से प्रारंभ कर दी गई है और मार्च, 2014 तक 2 लाख टन कोयला रा.ज.–1 होकर फरक्का स्थित विद्युत संयंत्र भेजा गया, जो कि अ.ज.प. के इतिहास में पहली बार हुआ है। फरक्का परियोजना की प्रगति से उत्साहित होकर भा.अ.ज.प्रा. और एनटीपीसी ने बाढ़ (पटना के निकट) स्थित एनटीपीसी के 3300 मेगावाट सुपर थर्मल पावर प्लांटहेतु 10 वर्षों के लिए 3 एमएमटीपीए कोयले की ढुलाई करने के लिए इसी तरह की एक परियोजना भी विकसित की गई है। भा.अ.ज.प्रा. द्वारा एनटीपीसी के पक्ष में इस परियोजना हेतु बिड आमंत्रित किए गए हैं। अ.ज.प. साधन द्वारा एनटीपीसी के कहलगांव संयंत्र हेतु 3 एमएमटीपीए और आयातित कोयले लाने की योजना है।

11. तकनीकी–आर्थिक अध्ययन

निम्नलिखित अध्ययन प्रगति पर हैं :–

क. रा.ज.–1 के इलाहाबाद–गाजीपुर खण्ड में 3 मीटर न्यूनतम उपलब्ध गहराई मुहैया करने के लिए तकनीकी सम्भाव्यता पर अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी गई है। इस अध्ययन का विस्तार आगे बक्सर तक किया गया है। मेसर्स डीएचआई ने मसौदा रिपोर्ट प्रस्तुत किया है और अंतिम रिपोर्ट 31 जुलाई, 2014 तक प्रस्तुत करने की संभावना है।

ख. मेसर्स एनएटीपीएसी ने उत्तर और दक्षिण भागों में रा.ज.–3 के विस्तार की संभाव्यता पर अंतिम मसौदा रिपोर्ट प्रस्तुत किया है। इस अध्ययन की अंतिम रिपोर्ट 31 जुलाई, 2014 तक प्रस्तुत होने की संभावना है।

ग. मेसर्स राइट्स ने विस्तृत रूप से एकीकृत राष्ट्रीय जलमार्ग परिवहन ग्रिड पर प्रथम चरण की रिपोर्ट बनाने का कार्य पूरा किया है। द्वितीय चरण के अध्ययन के प्रथम स्तर के सूक्ष्म स्तरीय रिपोर्ट जून, 2014 तक पूरा होने की संभावना है।

घ. मेसर्स वापकोस को राष्ट्रीय जलमार्ग 4 और 5 के ईआईए/ईएमपी अध्ययन का काम सौंपा गया है जो कि प्रगति पर है।

12. वर्ष 2013–14 के दौरान सर्वेक्षण संबंधी कार्यकलाप

जलीय सर्वेक्षण माप और रूपरेखा के वर्णन का विज्ञान है जिससे नौचालन, सामुद्रिक निर्माण, निकर्षण, सैंडचार सबमर्ज रेक और अन्य संबंधित क्रियाकलाप का संचालन प्रभावित होता है। सबसे ज्यादा जोर आवाज, शोर लाइन, ज्वार, लहर, समुद्र तल और डूबे हुए अवरोध पर दिया जाता है जो पूर्व में उल्लिखित क्रियाकलापों से संबंधित है। जलीय प्रक्रिया के अंतिम चरण में विश्लेषण और सुरक्षित नौचालन हेतु अंतिम उपयोगकर्ता के उपयोग हेतु सूचना देने के लिए जलीय सर्वेक्षण के माध्यम से एकत्र आंकड़े का उपयोग किया जाता है। जलीय पक्ष नौचालन मानचित्र और पायलट का प्रकाशन करता है जिससे मेरिनर को अतिरिक्त जानकारी मिलती है।

12.1 राष्ट्रीय जलमार्ग सं0–1

तलस्पर्शी सर्वेक्षण

तलस्पर्शी सर्वेक्षण पाक्षिक रूप से विभागीय आधार पर कराकर नदी संबंधी सूचनाएं अ.ज.प. उपयोगकर्ताओं को (अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में) जारी किए गए थे। वर्ष के दौरान कुल 27,657 लाइन कि.मी. तलस्पर्शी सर्वेक्षण कराए गए। खण्डवार कराए गए सर्वेक्षण के ब्यौरे नीचे दर्शाए गए हैं :–



विस्तृत सर्वेक्षण

विभागीय पूर्व/उत्तर बंडालिंग और निकर्षण सर्वेक्षण 217 उथले स्थानों पर कराए गए थे, जिसका विवरण नीचे है :–



टर्मिनल सर्वेक्षण

टर्मिनल सर्वेक्षण त्रिवेणी–फरक्का खण्ड में एनटीपीसी कोल जेट्टी में (540.0 कि.मी.), समदाघाट (618.0), बटेश्वर (683.0), मोंगलाघाट (589.0), भागलपुर (715.0), मुंगेर (793.0), राजमहल–मुंगेर खण्ड में सिमरिया में (851.0) और मुंगेर–पटना खण्ड में गायघाट (955.0) में कराए गए।

अन्य सर्वेक्षण

त्रिवेणी–फरक्का खण्ड में तट से तट सर्वेक्षण बाघमारी साइफोन (529.0 कि.मी.), नीचली प्रवाह (445.5 कि.मी.) और उधुआ (552 कि.मी.) में कराए गए। बिहार सरकार के लिए 9 कि.मी. से अधिक केलाबाड़ी और राघोपुर में क्रॉस सक्शन सर्वेक्षण कराए गए।

इसके अतिरिक्त, कम वर्षा के मौसम के दौरान कहलगांव से सुल्तानगंज तक तट से तट सर्वेक्षण कराए गए और नदी नौचालन चार्ट और इलेक्ट्रॉनिक चार्ट की तैयारी हेतु आंकड़े को अद्यतन बनाने के लिए बाढ़ के मौसम के दौरान भी बाढ़ से गाजीपुर तक सर्वेक्षण कराए गए।

सर्वेक्षण दल द्वारा अन्य क्रियाकलाप

स्वचालित जलीय सर्वेक्षण प्रणाली से लैस भा.अ.ज.प्रा. सर्वेक्षण जलयान ने त्रिवेणी–फरक्का खण्ड में क्रमशः 4 और 7 बार्जों वाले मेसर्स जेआईटीएफ जलयान के पहले और दूसरे कोयला बार्ज बेड़े के साथ सफलतापूर्वक फेरे लगाया था।

भारत–बांग्लादेश प्रोटोकॉल मार्ग (सुंदरवन)

भारत–बांग्लादेश प्रोटोकॉल मार्ग में सिल्वर ट्री प्वाईंट से बेहारीखल (बांग्लादेश बॉर्डर) तक मासिक तलस्पर्शी सर्वेक्षण कराए गए। कुल 1872 लाइन कि.मी. तलस्पर्शी सर्वेक्षण कराकर नदी संबंधी सूचनाएं भा.अ.ज.प्रा. की वेबसाइट पर प्रकाशित की गई।

राष्ट्रीय जलमार्ग सं0–2

तलस्पर्शी सर्वेक्षण

कम वर्षा के मौसम के दौरान विभागीय तलस्पर्शी सर्वेक्षण पाक्षिक रूप से बाढ़ के मौसम के दौरान मासिक रूप से कराकर नदी संबंधी सूचनाएं (अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में) जारी किए गए। वर्ष के दौरान कुल 15,480 लाइन कि.मी. तलस्पर्शी सर्वेक्षण कराए गए। जिसका खण्डवार ब्यौरा नीचे हैं :–



विस्तृत सर्वेक्षण

विभागीय पूर्व और उत्तर बंडालिंग, ड्रेजिंग सर्वेक्षण, टर्मिनल और क्रॉस सक्शन सर्वेक्षण 140 उथले स्थानों पर कराए गए, जिसका विवरण नीचे है :–



टर्मिनल सर्वेक्षण

टर्मिनल सर्वेक्षण चालू वर्ष के दौरान धुब्री (32), जोगीघोपा (108), पांडु (255.0), सिलघाट (441), विश्वनाथ (470), नीमाति (629), नागाघुली (788), बोगीबिल (738), कारेंग चापोरी (740), सेंगाजन (775) और ओरियमघाट (860) में कराए गए।

अन्य सर्वेक्षण

रा.ज.–2 में क्रॉस सक्शन सर्वेक्षण जोगीघोपा, गोलपारा, धुब्री–फकीरगंज (20 कि.मी.) और चन्दरपुर–गणेशपहाड़ के उपरी प्रवाह (22 कि.मी.) में कराए गए।

इसके अतिरिक्त, ओडीसी की ढुलाई हेतु नदी की नाव्यता का मूल्यांकन करने के लिए लोहित नदी और दिवांग नदी में क्रमशः 81 कि.मी. और 42 कि.मी.टोही सर्वेक्षण कराए गए।

इसके अतिरिक्त, तीन विभिन्न स्थलों यथा–(i)बांग्लादेश बॉर्डर–पांडु में पलसबारी, (ii)पांडु–नीमाति में काजीरंगा, (iii)एशियाई विकास बैंक सहायता कार्यक्रम के तहत असम सरकार के बाढ़ नियंत्रण विभाग हेतु विभागीय जलयान और उपकरण का उपयोग करते हुए नीमाति–ओएरामघाट में डिब्रूगढ़ में विस्तृत सर्वेक्षण कराने के लिए असम के बाढ़ और नदी अपरदन प्रबंधन एजेंसी को भी सर्वेक्षकों ने मदद की।

मिजोरम में कर्णफुली त्वीचवांग नदी में विस्तृत जलीय सर्वेक्षण

सेन्ट्रल सेक्टर स्कीम के तहत अ.ज.प. के विकास के लिए परियोजना प्रस्ताव को तैयार करने के लिए त्वीचवांग और कर्णफुली नदियों में जलीय सर्वेक्षण कराने के लिए मिजोरम की राज्य सरकार को पोत परिवहन मंत्रालय ने आश्वासन दिया था। रा.ज.–2 के भा.अ.ज.प्रा. सर्वेक्षण दल को सर्वेक्षण हेतु 11.11.2013 से 30.11. 2013 तक तैनात किया गया था। विस्तृत सर्वेक्षण कर्णफुली नदी में 19 कि.मी. से अधिक में और त्वीचवांग नदी में 57 कि.मी. कराए गए। नक्शे और रिपोर्ट तकनीकी पक्ष को पोत परिवहन मंत्रालय भेजने के लिए उपलब्ध करा दिए गए हैं।

डीजीपीएस आधारित नौचालन प्रणाली :–

राष्ट्रीय जलमार्ग–1 (हल्दिया और इलाहाबाद के बीच गंगा–भागीरथी–हुगली नदी प्रणाली) और राष्ट्रीय जलमार्ग–2 (सदिया और धुब्री के बीच ब्रह्मपुत्र नदी) में चलने वाले जलयानों की सुरक्षित यात्रा कराने के लिए रा. ज.–1 में 19.71 करोड़ रु. की लागत पर और रा.ज.–2 में 7.91 करोड़ रु. की लागत पर डिफ्रेन्शियल ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम (डीजीपीएस) स्टेशन की स्थापना हेतु परियोजनाएं संस्वीकृत की गई थी। इसी के अनुरूप रा.ज.–1 में स्वरूपगंज, भागलपुर, पटना और वाराणसी में और रा.ज.–2 में जोगीघोपा, सिलघाट और डिब्रूगढ़ में डीजीपीएस स्टेशन लगाने पर विचार किया गया। इसके अतिरिक्त, भारत–बांग्लादेश प्रोटोकॉल मार्ग में सुरक्षित नौचालन की सुविधा प्रदान करने के लिए धुब्री में 2.2 करोड़ रु. की लागत पर एक अतिरिक्त स्टेशन लगाने की परियोजना को मंजूरी दी गई है। ये स्टेशन इस तरह नियोजित हैं कि इससे 150 कि.मी. की त्रिज्या में अचूक निगाह रखी जा सकती है। स्वरूपगंज, भागलपुर और पटना के स्टेशनों को चालू कर दिया गया है और ये रा.ज. –1 में काम कर रहा है। इसी प्रकार जोगीघोपा और

डिब्रूगढ़ के स्टेशनों को चालू किया गया, जो कि रा.ज.–2 के अधीन काम कर रहा है। इस कड़ी में सिलघाट और धुब्री स्थित स्टेशनों को क्रमशः 22 मई, 2013 और 11 फरवरी, 2014 को चालू किया गया था। इस प्रकार रा.ज.–2 के संपूर्ण खण्डों का कवरेज सुनिश्चित हुआ।

डीजीपीएस स्टेशन–धुब्री

राष्ट्रीय जलमार्ग सं0–3
तलस्पर्शी सर्वेक्षण

विभागीय तलस्पर्शी सर्वेक्षण कोट्टापुरम–कोची–कोल्लम खण्ड (उद्योगमंडल और चंपाकारा कैनाल सहित पश्चिम तट कैनाल) में मासिक आधार पर कराकर नदी संबंधी सूचनाएं (अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में) जारी किए गए। वर्ष के दौरान कुल 2706 लाइन कि.मी. तलस्पर्शी सर्वेक्षण कराए गए, जिसका विवरण नीचे है :–



विस्तृत सर्वेक्षण
पूर्व और उत्तर निकर्षण सर्वेक्षण निम्नलिखित स्थानों पर कराए गए :–

विवरण / स्थान	पूर्व / उत्तर वि.सर्वे.	दूरी
1. केएमएमएल–कोविलथोट्टम	निकर्षण पूर्व सर्वेक्षण	166.5 कि.मी.
2. चावड़ा	निकर्षण पूर्व सर्वेक्षण	169.5 कि.मी.
3. थांथोनिथुरूथू	विस्तृत सर्वेक्षण	6.3 कि.मी.
4. थेवड़ा	निकर्षण पूर्व सर्वेक्षण	9.0 कि.मी.
5. चावड़ा के दक्षिण	निकर्षण पूर्व सर्वेक्षण	169.70–170.9 कि.मी.
6. चावड़ा के उत्तर	उत्तर निकर्षण सर्वेक्षण	169.0–169.28 कि.मी.
7. आईआरई साइट	उत्तर निकर्षण सर्वेक्षण	167.1–169.0 कि.मी.
8. कन्नीट्टाथुरूथू	निकर्षण पूर्व सर्वेक्षण	164.5 कि.मी.
9. विलिंगटन आरओ–आरओ जेट्टी	निकर्षण पूर्व सर्वेक्षण	3.5 कि.मी.
10. बोलगट्टी आरओ–आरओ जेट्टी	निकर्षण पूर्व सर्वेक्षण	3.0–4.9 कि.मी.

11. विलिंगटन आरओ–आरओ जेट्टी	उत्तर निकर्षण सर्वेक्षण	3.5 कि.मी.
12. कोविलथोट्टम	उत्तर निकर्षण सर्वेक्षण	167.0 कि.मी.
13. चावड़ा	उत्तर निकर्षण सर्वेक्षण	169.5 कि.मी.
14. थेवाड़ा	उत्तर निकर्षण सर्वेक्षण	9.5 कि.मी.
15. दलावापुरम–एस,कोडी	निकर्षण पूर्व सर्वेक्षण	170.8–177.4 कि.मी.
16. किरीकाड जेट्टी	निकर्षण पूर्व सर्वेक्षण	142.3–143.6 कि.मी.
17. कायमकुलम एसमाउथ	निकर्षण पूर्व सर्वेक्षण	146.5–149.5 कि.मी.
18. एफएसीटी, अंबलामुगल	निकर्षण पूर्व सर्वेक्षण	23.8 कि.मी.
19. थेवाड़ा	निकर्षण पूर्व सर्वेक्षण	9.2 कि.मी.
20. एफएसीटी, अंबलामुगल	उत्तर निकर्षण सर्वेक्षण	23.8 कि.मी.
21. केएमएमएल–कोविलथोट्टम	उत्तर निकर्षण सर्वेक्षण	165.65–166.62 कि.मी

वर्ष 2013–14 के दौरान कुल 27831.2 मी.^{3} निकर्षण कराए गए

रा.ज.–3 के लिए इलेक्ट्रॉनिक नौचालन चार्ट की तैयारी

रा.ज.–3 के इलेक्ट्रॉनिक नौचालन चार्ट की तैयारी के लिए डाटा संग्रह और अद्यतन करने हेतु रा.ज. –3 में टोपोग्राफी सर्वेक्षण सहित तट से तट जलीय सर्वेक्षण कराने के लिए निविदा आमंत्रित की गई थी। 21. 23 लाख रु. का यह कार्य 8.01.2014 को मेसर्स ग्लोबल मेरिन इन्फ्राटेक (प्रा.) को दिया गया है। इस एजेंसी ने बाथी मेट्रिक सर्वेक्षण कार्य का 50 प्रतिशत काम पूरा कर लिया है।

रा.ज.–3 में तट से तट जलीय सर्वेक्षण के दौरान जलीय मुख्य द्वारा निरीक्षण

राष्ट्रीय जलमार्ग सं0–4 और 5

गोदावरी नदी और कैनालों होकर नाव्य मार्ग की वर्तमान स्थिति का मूल्यांकन करने के लिए राष्ट्रीय जलमार्ग 4 यानी गोदावरी नदी (171 कि.मी.), काकीनाडा कैनाल (50 कि.मी.), एलुरू कैनाल (88 कि.मी.), नार्थ बकिंघम कैनाल (137 कि.मी.) और साउथ बकिंघम कैनाल (40 कि.मी.) के प्राथमिकता वाले खण्डों मेंविस्तृत जलीय सर्वेक्षण का काम पूरा कर लिया गया है। इसी प्रकार रा.ज.–5–तलचर से धमरा तक (265 कि.मी.), मताई नदी (39 कि.मी.), महानदी डेल्टा (67 कि.मी.) और पदानीपाल से सुजानपुर (50 कि.मी.) में काम पूरा हो गया है। आंकड़ा संकलन और मसौदा/अंतिम रिपोर्ट को अंतिम रूप देने सहित सर्वे चार्ट बनाने का काम प्रगति पर है।

सर्वेक्षण जलयान

आंकड़ा को संग्रह, तैयार और प्रिंट करने के लिए सभी सर्वेक्षण जलयान डिजिटल इको साउंडर, डीजीपीएस रिसीवर, लैपटाप/डेस्कटाप और करेंट मीटर सेट सहित स्वचालित जलीय सर्वेक्षण जैसे–अत्याधुनिक सर्वेक्षण उपकरण से युक्त हैं।

विभिन्न जलमार्गों में निम्नलिखित सर्वेक्षण जलयान प्रचालन में हैं, जो सर्वेक्षण कार्य के लिए तैनात हैं :–

रा.ज.–1		रा.ज.–2	रा.ज.–3
1. एस.एल. कोयल	7. एस.एल. मंदाकनी	1. एस.एल. लोहित	1. एस.एल. पम्बा
2. एस.एल. द्वारकेश्वर	8. एस.एल. गंडक	2. एस.एल. सुबानसिरि	
3. एस.एल. मेगना	9. एस.एल. पुनपुन	3. एस.एल. बराक	
4. एस.एल. अनुपल्लव	10. एस.एल. कोसी	4. एस.एल. बूढ़ी दिहिंग	
5. एस.एल. कमला	11. एस.एल. रिहंद	5. एस.एल. दिबांग	
6. एस.एल. घाघरा	12. एस.एल. दिहांग		

सर्वेक्षण उपकरण का उन्नयन

सर्वेक्षण उपकरण की आपूर्ति, स्थापन और प्रशिक्षण संबंधी कार्य की जिम्मेदारी छह आपूर्तिकर्ताओं को दी गई थी। निम्नलिखित सर्वेक्षण उपकरण की आपूर्ति करके चालू किया गया :–

उपकरण	कुल आपूर्ति	आपूर्ति स्थान
1. जीपीएस रिसीवर से लैस डिजिटल इको साउंडर	संख्या 10	स्वरूपगंज, भागलपुर, धुब्री, गुवाहाटी, डिब्रूगढ़, कोची, फरक्का और पटना
2. डीजीपीएस बीकन रिसीवर	संख्या 2	कोची
3. लैपटाप	संख्या 4	फरक्का, स्वरूपगंज और भागलपुर
4. ए1 साईज प्लॉटर	संख्या 4	स्वरूपगंज, भागलपुर, पटना और कोची
5. इको साउंडर के लिए ट्रांसड्यूसर	संख्या 10	पटना, गुवाहाटी, कोलकाता और कोची
6. ऑटोडेस्क मैप 3डी सॉफ्टवेयर	संख्या 5	नौएडा, कोलकाता, पटना, गुवाहाटी और कोची

हल्दिया–फरक्का खण्ड में नदी सूचना सेवा (आर आई एस) प्रणाली का स्थापन

23.5 करोड़ रुपए (सिविल कार्य सहित) की रकम के लिए संशोधित योजना को मंजूरी दिनांक 22.01.2014 को आयोजित बोर्ड की 149वीं बैठक में दी गई थी। उपकरण की आपूर्ति, स्थापन, प्रचालन और अनुरक्षण के लिए कार्य आदेश दिनांक 27.03.2014 को मेसर्स एल्कॉम इन्टीग्रेटेड सिस्टम प्रा. लि., नवी मुंबई नामक एल–1 बीडर को दिया गया था। इस परियोजना में 30 फ्लोटिंग जलयान, 7 बेस स्टेशन और 2 कंट्रोल स्टेशन में आरआईएस सिस्टम हेतु उपकरण की आपूर्ति, स्थापन और चालू करना शामिल है। वारंटी अवधि के बाद एजेंसी 3 वर्षों के लिए प्रचालन और अनुरक्षण सहित समग्र वार्षिक अनुरक्षण संविदा की सेवा मुहैया करेगी।

नदी सूचना प्रणाली के कार्य को दर्शाने वाला आरेखण

हल्दिया, जीआर जेट्टी (कोलकाता), त्रिवेणी, स्वरूपगंज, कुमारपुर, श्यामपुर और फरक्का जैसे 7 स्थानों पर बेस स्टेशन/कंट्रोल स्टेशन के निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहित की गई है। सभी 7 बेस स्थलों पर सिविल कार्य प्रारंभ करने के लिए काम सौंप दिया गया है।

मानचित्र प्रकोष्ठ/सेमिनार/प्रशिक्षण

भा.अ.ज.प्रा. मुख्यालय, नौएडा का मानचित्र प्रकोष्ठ भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) और सीएआरआईएस, ईआरडीएएस इमेजिन, ऑटो सीएडी, इत्यादि जैसे ईमेज प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर द्वारा डिजिटल चार्ट को तैयार करने के लिए आधुनिक उपकरण और सॉफ्टवेयर से सुसज्जित है। भा.अ.ज.प्रा. के मानचित्रकार जीआईएस सॉफ्टवेयर एवं ईमेज प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर, इत्यादि के प्रयोग करने में प्रशिक्षित हैं।

सुंदरवन जलमार्ग के रिवर एटलस और रिवर पायलट 2013 में प्रकाशित हुए थे। भा.अ.ज.प्रा. द्वारा निर्मित नॉटिकल प्रोडक्ट के नए संस्करण के कैटलॉग का प्रकाशन हुआ। भा.अ.ज.प्रा. ने अ.ज.प. प्रचालकों, उपयोगकर्ताओं और सरकारी विभागों को रास्टर नेविगेशन चार्ट (आरएनसी), रिवर एटलस और रिवर पायलट की बिक्री के लिए 3 एजेंसियों को प्राधिकृत एजेंट के रूप में नियुक्त किया है।

वर्ष 2013–14 के दौरान सभी जलमार्गों के लिए राष्ट्रीय रिमोट सेंसिंग सेंटर, हैदराबाद से सेटेलाइट डाटा तैयार करके उसको केरिश जीआईएस सॉफ्टवेयर द्वारा डिजिटल बना दिया गया है। इलेक्ट्रॉनिक चार्ट की तैयारी के लिए लैंडमार्क, सर्वे ऑफ इंडिया के टोपोग्राफी फीचर वाले डिजिटल आंकड़ा का संग्रह फिल्ड हाईपैक सर्वे डाटा और एनआरएससी डाटा के साथ किया गया था।

भा.अ.ज.प्रा. ने भारतीय राष्ट्रीय मानचित्र संघ (आईएनसीए), के दिनांक 19 से 21 सितंबर, 2013 के दौरान जोधपुर, राजस्थान, भारत में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कांग्रेस सम्मेलन में भाग लिया। भा.अ.ज.प्रा. द्वारा एक स्टॉल लगाया गया जिसमें विभिन्न प्रकार के ब्राउसर, आरएनसी रिवर एटलस के नमूने और रिवर पायलट, इत्यादि का प्रदर्शन किया गया। प्रतिभागियों ने स्टॉल पर जाकर अ.ज.प. क्षेत्र के बारे में रूचि दिखाई। साथ ही, राष्ट्रीय जलमार्ग में भा.अ.ज.प्रा. द्वारा दी जा रही विभिन्न सुविधाओं की जानकारी भी ली।

20–21 जनवरी, 2014 के दौरान रिमोट सेंसिंग सेंटर, इसरो, हैदराबाद द्वारा आयोजित यूजर इंटरनेशनल मिट में भी भा.अ.ज.प्रा. ने भाग लिया। इस सम्मेलन का उद्देश्य विभिन्न कार्यों के नियोजन और कार्यान्वयन हेतु सेटेलाइट से चित्रों को बनाने और मुहैया करने का है।

भारतीय सामुद्रिक सप्ताह

भा.अ.ज.प्रा. ने 29 जनवरी से 1 फरवरी, 2014 तक जे डब्ल्यू मेरियट एरोसिटी, नई दिल्ली में गेटवे मीडिया प्रा. लि. द्वारा आयोजित भारतीय सामुद्रिक सप्ताह में भी भाग लिया। भा.अ.ज.प्रा. ने सम्मेलन सत्र में अ.ज.प. से सम्बंधित विषय "वेटिंग इन द विंग्स : द वे फारवार्ड" में भाग लिया।

राष्ट्रीय अन्तर्देशीय नौवहन संस्थान (निनी), पटना

निनी, पटना का प्रबंधन और प्रशासन भा.अ.ज.प्रा. की प्रोग्राम सलाहकार समिति के परामर्श से मेसर्स एआरआई प्रा. लि., नई दिल्ली के अधीन है। वर्ष 2013–14 के दौरान महत्वपूर्ण उपलब्धियां निम्नलिखित हैं :–

क. पाठ्यक्रमों के संचालन के लिए निम्नलिखित गतिविधियां की गई–

प्रारंभिक प्रशिक्षण जीपी रेटिंग कोर्स (19वां और 20वां बैच)

- जेनरल परपस रेटिंग इंडक्शन पाठ्यक्रम के लिए आंतरिक अंतिम परीक्षा (लिखित एवं मौखिक) का संचालन जुलाई, 2013 और जनवरी, 2014 के महीनों में किया गया।
- प्रशिक्षण जलयान सर्वेक्षक और अन्तर्देशीय जलयान प्रशिक्षण सिमुलेटर पर जीपी रेटिंग (आईवी) प्रशिक्षु को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।
- बिहार जल क्रीड़ा, पटना के स्वीमिंग पुल में तैरने का प्रशिक्षण दिया गया।
- प्रशिक्षण जलयान सर्वेक्षक पर पटना से कोलकाता की यात्रा के दौरान और ड्राई डॉक पर भी प्रशिक्षुओं को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया।
- निम्नलिखित चार डीजी अनुमोदित प्रारंभिक पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण दिया गया :
- प्रारंभिक प्राथमिक उपचार (ईएफए)
- अग्निशमन और अग्निशामक (ईपीएफएफ)
- व्यक्तिगत उत्तरजीविता तकनीक (पीएसटी)
- व्यक्तिगत सुरक्षा और सामाजिक जिम्मेदारी (पीएसएसआर)
- 19वीं और 20वीं बैच उत्तीर्ण के लिए समारोह का आयोजन

अन्तर्देशीय जलयान सक्षमता प्रमाणपत्र हेतु प्रारंभिक पाठ्यक्रम

- अन्तर्देशीय जलयान परीक्षा हेतु निम्नलिखित प्रारंभिक पाठ्यक्रम संचालित किए गए :–
  - सेरांग
  - मास्टर क्लास– ।।
  - सेकंड क्लास इंजन ड्राइवर
  - फर्स्ट क्लास इंजन ड्राइवर

बिहार सरकार की ओर से अन्तर्देशीय जलयान परीक्षा का संचालन

- बिहार सरकार के अन्तर्देशीय जलयान नियम के अनुसार परीक्षा की प्रक्रिया तैयार करके परिवहन सचिव, बिहार सरकार द्वारा अनुमोदित करा लिया गया।
- बिहार सरकार के अन्तर्देशीय जलयान नियम के अनुसार सक्षमता प्रमाणपत्र प्राप्त करने के इच्छुक उम्मीदवारों हेतु निम्नलिखित श्रेणियों की परीक्षाएं प्रारंभ की गयी :
  - सेरांग
  - मास्टर क्लास– ।।
  - मास्टर क्लास– ।
  - सेकंड क्लास इंजन ड्राइवर
  - फर्स्ट क्लास इंजन ड्राइवर
  - अन्तर्देशीय अभियंता

ख. प्रशिक्षण

निनी नियमित आधार पर प्रशिक्षण देकर सामुद्रिक पत्रिका और राष्ट्रीय समाचार पत्रों में पाठ्यक्रमों का विज्ञापन देता है।

- निनी से उत्तीर्ण सभी सिविलियन प्रशिक्षु का डाटा उनके वर्तमान स्थिति के अनुसार अद्यतन कर दिया गया।
- डेक और इंजन के प्रारंभिक रेटिंग पाठ्यक्रम के प्रशिक्षुओं की नियुक्ति हेतु भा.अ.ज.प्रा. और निजी बार्ज प्रचालक के साथ व्यवस्था की गई है। भा.अ.ज.प्रा. के स्वामित्व वाले जलयानों पर लगभग 70 प्रतिशत और निजी प्रचालकों के स्वामित्व वाले बार्ज / जलयान पर 30 प्रतिशत प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की गई है।
- विभिन्न जलयानों पर प्रशिक्षण के लिए भेजे गए प्रशिक्षुओं की प्रशिक्षण रिकॉर्ड पुस्तिका जारी की गई। निनी में एक अलग से नियुक्ति प्रकोष्ठ बनाकर प्रशिक्षण के लिए भेजे गए प्रशिक्षुओं की छुट्टी, भुगतान और प्रशिक्षण से संबंधित रिकॉर्ड रखा जाता है।
- संकाय सदस्य और एआरआई के प्रतिनिधि के मार्गदर्शन में दिन–प्रतिदिन रसद की खरीद और अन्य कार्यों में सहायता देने सहित मेस के संचालन के लिए एक मेस कमिटी भी विद्यार्थियों के लिए बनाई गई है।
- प्रशिक्षुओं ने राष्ट्रीय सामुद्रिक उत्सव सप्ताह में भाग लेकर रक्तदान कैम्प और सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेकर जागरूकता अभियान चलाया।
- सीओसी परीक्षा का डाटा और प्रमाणपत्र अनुरक्षित किया जा रहा है।

ग. मानव संसाधन

संस्थान ने संस्थान के प्रबंधन हेतु संकाय सदस्य और अनुदेशकों का एक पूल विकसित किया है। संस्थान ने संकाय सदस्यों को तीन श्रेणियों यथा–नियमित परामर्श संकाय, नियमित विजिटिंग संकाय और आवश्यकता आधारित विजिटिंग संकाय में तैनात किया है।

घ. भा.अ.ज.प्रा. स्टाफ और बाहर के उम्मीदवारों के लिए प्रशिक्षण

- भा.अ.ज.प्रा. के फ्लोटिंग स्टाफ और ड्रेजिंग कन्ट्रैक्टर चिनार शिपिंग के लिए कोल्लम, केरल में एडवांस ड्रेजिंग प्रैक्टिकल पाठ्यक्रम संचालित किए गए। छावड़ा स्थित कटर सक्शन ड्रेजर और कोल्लम के एम्फिबियन ड्रेजर द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।
- बिहार सरकार द्वारा नामित मोटर वाहन निरीक्षकों के लिए नौका सर्वेक्षक पाठ्यक्रम संचालित किया गया।
- निनी में भा.अ.ज.प्रा. के स्टाफ हेतु आधारभूत सुरक्षा प्रशिक्षण का संचालन किया गया।
- भा.अ.ज.प्रा. के तकनीकी सहायक और ड्रेज मास्टर के लिए मरम्मत और अनुरक्षण पाठ्यक्रम का संचालन गोवा स्थित पोत निर्माण और तकनीकी संस्थान में किया गया।

ड.निनी में अन्य क्रियाकलाप

- निनी का स्थापना दिवस 6 फरवरी को मनाया गया।
- बिहार सरकार द्वारा आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में भाग लिया और निनी कंटीजेंट को सबसे अच्छा कंटीजेंट पाया गया।
- बिहार सरकार द्वारा पटना में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लिया।
- रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ।
- बिहार के पटना सहित अन्य शहरों में अन्तर्देशीय जल परिवहन के विषय में जागरूकता फैलाने के लिए रोड–शो का आयोजन किया गया।
- निनी में अन्तर संस्थान क्रीड़ा क्रियाकलाप का संचालन किया गया।

च.आकादमिक स्रोत सामग्री

- प्रशिक्षण सीडी और प्रशिक्षण सामग्री सहित पुस्तकालय के लिए 43 से अधिक पुस्तकों की अधिप्राप्ति।
- फरक्का में 10 वर्षों से अधिक समय से बेकार पड़े और अनुपयोगी हो चुके ड्रेजर बक्सर को निनी को सुपुर्द किया गया। आवश्यक मरम्मत के साथ कटर सक्शन ड्रेजर बक्सर को ठीक करने का काम पूरा हो गया, जिसे अब एडवांस ड्रेजिंग प्रैक्टिकल पाठ्यक्रम में प्रशिक्षण दिलाने हेतु प्रयुक्त किया जा रहा है।
- आधारभूत एसटीसीडब्ल्यू पाठ्यक्रम के संचालन हेतु पुस्तकों, उपकरण और शिक्षण सामग्री सहायता की अधिप्राप्ति।
- नौचालन और सीमैनशिप से सम्बंधित व्यावहारिक प्रशिक्षण के संचालन के लिए आवश्यक सामग्री की अधिप्राप्ति।
- एक अलग कम्प्यूटर लैब बनाकर लैब में प्रशिक्षण लेने वाले उम्मीदवारों के प्रयोग हेतु कम्प्यूटर लगाए गए हैं।
- हाल में निर्मित लड़कियों के छात्रावास को लड़कियों के ठहरने, अध्ययन करने और छात्रावास के भीतर ही खेलकूद के लिए तैयार कर लिया गया है।



बिहार अन्तर्देशीय जलयान नियम पर कार्यशाला

अंगीभूत और सम्बद्ध

- आईएसओ 9001 : 2008 प्रमाणपत्र एबीएस द्वारा, जिसे संस्थान के निरीक्षण के उपरांत नवीकृत किया गया।
- अ.ज.प. बिहार सरकार के लिए निनी कैम्पस में सक्षमता प्रमाणपत्र (सीओसी) का संचालन निनी ने किया।

